# स्वस्थ बिहार मुहिम

## स्वास्थ्य चेतना यात्रा

गत पाँच वर्षो में बिहार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है। प्रखण्डस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाओं, जाँच सुविधाओं तथा चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ओ0पी0डी0 में अपार वृद्धि, पूर्ण टीकाकरण में कई गुणा सुधार, संस्थागत प्रसव में वृद्धि, अच्छी प्रगति के ही परिणाम है। इस गति को बनाये रखने के लिए कई नये प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

स्वस्थ बिहार मुहिम इसी दिशा में एक ठोस पहल है।

भारतीय गणतंत्र के साठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बिहार राज्य में आम जन तक अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्वस्थ बिहार मुहिम प्रारंभ किया जा रहा है।

स्वस्थ बिहार मुहिम के पहले चरण में 26 जनवरी 2011 से 28 फरवरी 2011 तक स्वास्थ्य चेतना यात्रा आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य निम्नांकित :–

- सभी अतिरिक्त प्राथामिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं स्वास्थ्य उप–केन्द्रों को क्रियाशील करना ताकि जनता को उनके आवास के निकट स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराई जा सके।
- प्रत्येक स्वास्थ्य उपकेन्द्र एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन।
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र शिविर के पूर्व पंचायत की स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की बैठक तथा समिति को उपलब्ध किये गये साधन का उपयोग गाँव की सफाई हेतु सुनिश्चित करना ।
- हर महादलित टोला, गरीब अल्पसंख्यक बस्ती, अन्य गरीब बस्ती तक जा–जा कर हर घर को स्वास्थ्य व्यवस्था से जोड़ना। स्वास्थ्य उपकेन्द्र शिविर के दिन सबसे पहले उस क्षेत्र के सभी गरीब बस्ती तक जाकर लोगो को स्वास्थ्य केन्द्र लाना।
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सक, नर्स, ए0एन0एम0, आँगनबाड़ी सेविका, आशा, ममता की भागीदारी।
- प्रत्येक शिविर में कम–से–कम निम्नाकिंत सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी थी।

  1. प्रसव पूर्व जाँच
  2. टीकाकरण
  3. परिवार नियोजन की सेवायें
  4. नेत्र की जाँच
  5. टी॰बी॰, कुष्ठ, मलेरिया एवं कालाजार से संबंधित परीक्षण एवं उपचार
  6. कुपोषण की पहचान

7. संतुलित आहार संबंधित सलाह
8. पैथोलॉजिकल सेवायें
9. दवा वितरण
10. परिवार नियोजन, ऑपरेशन एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु लाभार्थियों को चिन्हित करना।

- प्रत्येक शिविर में एम्बुलेन्स की उपलब्धता।
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र के क्षेत्रान्तर्गत सभी विद्यालयों में चयनित स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से स्कूली बच्चों को परीक्षण कर स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना।
- लोक भागीदारी से गाँव की सफाई हेतु श्रमदान का आयोजन। इसके लिए आवश्यकतानुसार ग्राम स्वास्थ्य समिति के साधनों का उपभोग।
- बीमारी से बचाव, स्तनपान, कम उम्र में शादी नहीं करने, नसबंदी, तम्बाकू का सेवन नहीं करने, स्वच्छ पानी, शौचालयों के निर्माण इत्यादि पर सामग्री का विकास तथा शिविर में इनका उपयोग।
- त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, महिला बचत समूहों, स्वयं सेवा समूहों के स्वास्थ्य उपकेन्द्र शिविर से जोड़ने पर विशेष बल।
- प्रखण्डस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अनवरत् सफाई, बिजली, पानी, दवा, जाँच सुविधा की गारण्टी सुनिश्चित करना।
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र शिविर में लोक संस्कृति का उपयोग कर जन–जन तक स्वस्थ बिहार मुहिम का संवाद पहुँचाना।
- शहरी क्षेत्र के गरीब बस्तियों में स्वस्थ शिविरों का आयोजन। शहरी क्षेत्र के चिकित्सा महाविद्यालय एवं सभी अस्पताल इसमें भाग लेंगे।
- स्वास्थ्य चेतना यात्रा के आयोजन में सभी संबंधित विभागों (समाज कल्याण विभाग, मानव संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पंचायती राज, ग्रामीण तथा नगर विकास विभाग) से पूर्ण समन्वय सुनिश्चित करते हुए जिला प्रशासन की पूरी भागीदारी। स्वास्थ्य विभाग के सभी सहकर्मी इस अभियान में गाँव–गाँव भ्रमण करेंगे।

## क्रियान्वयन

- सभी जिलों में प्रखंड स्तर पर कार्ययोजना बनाने की जवाबदेही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दी गई।
- सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर निर्धारित तिथियों को प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करवाने का निदेश दिया गया।

- प्रत्येक शिविर में एक एलोपैथिक चिकित्सक, एक आयुष चिकित्सक, एक प्रयोगशाला प्रावैधिक (उपलब्धता के अनुसार), नेत्र सहायक (उपलब्धता के अनुसार), एल0एच0भी0, ए0एन0एम0, संबंधित क्षेत्र की आँगनबाड़ी सेविकायें एवं आशा कार्यकर्त्ता उपलब्ध कराया गया।
- जिन स्थानों पर जगह की कमी थी वहाँ पर शिविरों को टेन्ट में संस्थापित करवाया गया।
- प्रत्येक शिविर हेतु प्रचुर मात्रा में ससमय दवायें उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सिविल सर्जन को दी गई।
- सभी शिविरों में स्वास्थ्य संबंधित कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार हेतु पोस्टर, बैनर और पैम्पलेट के मुद्रण हेतु जिला स्वास्थ्य समितियों को निदेशित किया गया तथा इस हेतु सभी मुद्रित की जाने वाली सामग्रियों की सॉफ्ट प्रति सभी जिलों को ससमय उपलब्ध करा दी गई।
- आयोजित होने वाले शिविरों के तिथि को क्षेत्र की जनता में प्रचारित करने के उद्देश्य से माईक द्वारा प्रचार की कार्ययोजना भी विकसित की गई। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों, आँगनबाड़ी सेविकाओं एवं आशाओं को भी यह दायित्व सौंपा गया।
- पूरे राज्य में विभिन्न स्थलों पर आम जन के मध्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी मुहैया कराने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया।
- सभी जिलों में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से प्रति जिला दो–दो सुसज्जित प्रचार–प्रसार वाहन यूनिसेफ द्वारा उपलब्ध कराये गयें।
- सभी शिविरों में परिवार कल्याण कार्यक्रम के लिए अलग से Family Planning Corner भी संस्थापित किया गया, जिसमें लक्षित दम्पत्तियों को परिवार कल्याण साधनों के बारे में सलाह भी दिया गया।
- स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से विद्यालयों में विद्यार्थियों के मध्य स्वास्थ्य कार्ड का भी वितरण करवाया गया।
- शिविरों के सफल संचालन के उद्देश्य से क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं, निजी नर्सिंग होम एवं चिकित्सकों का भी सहयोग लिया गया।
- सभी शिविरों का अनुश्रवण सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा किया जाना था।
- प्रत्येक दिन कार्य समाप्ति के पश्चात् राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के बेवसाईट पर जिलों द्वारा क्षेत्रान्तर्गत आयोजित शिविरों का प्रतिवेदन अपलोड किया गया।
- सभी जिलों की कार्ययोजना राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के बेवसाईट iec@statehealthsocietybihar.org पर उपलब्ध है।

स्वास्थ्य चेतना यात्रा के प्रथम चरण का उद्घाटन श्री नीतीश कुमार, मान्नीय मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा पटना के गाँधी मैदान में दिनांक 28 जनवरी 2011 को किया गया। इस कार्यक्रम में डा0 ताराकान्त झा, मान्नीय सभापति बिहार विधान परिषद्, श्री उदय नारायण चौधरी, मान्नीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा, श्री सुशील कुमार मोदी, मान्नीय उप मुख्यमंत्री, बिहार उपस्थित थे। इस यात्रा का नेतृत्व श्री अश्विनी कुमार चौबे, मान्नीय स्वास्थ्य मंत्री, बिहार द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री अमरजीत सिन्हा, प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, श्री संजय कुमार, सचिव, स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार एवं बिहार राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत सभी सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

श्री अश्विनी कुमार चौबे, मान्नीय मंत्री स्वास्थ्य, बिहार सरकार द्वारा पूरे स्वास्थ्य चेतना यात्रा के दौरान विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य शिविरों का उद्घाटन किया गया एवं इस पूरे कार्यक्रम का अनुश्रवण भी किया गया।



# कुल जिलावार आयोजित शिविरों की संख्या

## दिनांक 23.02.2011 तक

| क्र. सं. | जिला का नाम | संभावित शिविर | दिनांक 23 फरवरी 2011 तक आयोजित शिविर | प्रतिशत शिविर आयोजित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Araria | 181 | 172 | 95.0 |
| 2 | Arwal | 90 | 85 | 94.4 |
| 3 | Aurangabad | 298 | 260 | 87.2 |
| 4 | Banka | 216 | 214 | 99.1 |
| 5 | Begusarai | 288 | 247 | 85.8 |
| 6 | Bhagalpur | 238 | 238 | 100.0 |
| 7 | Bhojpur | 300 | 189 | 63.0 |
| 8 | Buxar | 177 | 145 | 81.9 |
| 9 | Darbhanga | 295 | 267 | 90.5 |
| 10 | E.Champaran | 398 | 356 | 89.4 |
| 11 | Gaya | 141 | 110 | 78.0 |
| 12 | Gopalganj | 176 | 146 | 83.0 |
| 13 | Jamui | 216 | 185 | 85.6 |
| 14 | Jehanabad | 115 | 102 | 88.7 |
| 15 | Kaimur | 148 | 126 | 85.1 |
| 16 | Katihar | 279 | 217 | 77.8 |
| 17 | Khagaria | 190 | 177 | 93.2 |
| 18 | Kishanganj | 145 | 136 | 93.8 |
| 19 | Lakhisarai | 118 | 103 | 87.3 |
| 20 | Madhepura | 295 | 268 | 90.8 |

| क्र० सं० | जिला का नाम | संभावित शिविर | दिनांक 23 फरवरी 2011 तक आयोजित शिविर | प्रतिशत शिविर आयोजित |
|---|---|---|---|---|
| 21 | Madhubani | 306 | 277 | 90.5 |
| 22 | Munger | 161 | 138 | 85.7 |
| 23 | Muzaffarpur | 536 | 460 | 85.8 |
| 24 | Nalanda | 301 | 220 | 73.1 |
| 25 | Nawada | 157 | 150 | 95.5 |
| 26 | Patna | 393 | 175 | 44.5 |
| 27 | Purnea | 259 | 219 | 84.6 |
| 28 | Rohtas | 182 | 182 | 100.0 |
| 29 | Saharsa | 173 | 126 | 72.8 |
| 30 | Samastipur | 401 | 337 | 84.0 |
| 31 | Saran | 336 | 321 | 95.5 |
| 32 | Seohar | 38 | 35 | 92.1 |
| 33 | Sheikhpura | 102 | 85 | 83.3 |
| 34 | Sitamarhi | 200 | 198 | 99.0 |
| 35 | Siwan | 415 | 366 | 88.2 |
| 36 | Supaul | 153 | 153 | 100.0 |
| 37 | Vaishali | 350 | 299 | 85.4 |
| 38 | W.Champaran | 312 | 295 | 94.6 |
| | **Total** | 9079 | 7779 | 85.7 |

# स्वास्थ्य चेतना यात्रा, बिहार

## प्रतिवेदन दिनांक 28.01.2011 से 22.02.2011 तक

| Male | Number | Female | Number | Children 0-5 years | Number | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 847714 | | 853602 | | 310441 | 2011757 |
| Total no. of SC/ST patient attended the OPD | | | 339441 | Total no. of general patient attended the OPD | | 1367625 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| A | **Ante Natal Care Services (ANC)** | | |
| | 1 | Total number of beneficiaries visited for ANC check up | 41612 |
| | 2 | Total number of new pregnant women registered for ANC | 21151 |
| | 3 | Number of pregnant women given TT injections (TT1/TT2) | 28354 |
| | 4 | Total number of pregnant women given IFA tablets | 252510 |
| | 5 | Pregnant women with Hypertension (BP>140/90) | 4856 |
| | 6 | Pregnant women having Hb level<11 (tested cases) | 6754 |
| B | **Family Planning** | | |
| | 1 | Number of Oral Pills cycles distributed | 63278 |
| | 2 | Number of Condom pieces distributed | 646776 |
| | 3 | Number of Male beneficiaries willing for family planning operation | 5818 |
| | | Number of Female beneficiaries willing for family planning operation | 23011 |
| | 4 | Number of Female beneficiaries willing for IUD insertion | 11339 |
| C | **CHILD HEALTH** | | |
| 1 | **Number of children immunized with** | | |
| | C.1.a | BCG & OPV 0 (Birth Dose) | 9054 |
| | C.1.b | DPT1 & OPV1 | 12571 |
| | C.1.c | DPT2 & OPV2 | 18212 |
| | C.1.d | DPT3 & OPV3 | 12530 |
| | C.1.e | Measles | 5980 |
| | C.1.f | DPT Booster | 6362 |
| | C.1.g | OPV Booster | 5889 |
| | C.1.h | Number of school going children given Health Card | 34733 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| D | **Morbidity Detail** | | | | | |
| | **No Of Children with Provisional Diagnosis** | | **No. Of Adult with Provisional Diagnosis** | | | |
| | **Disease** | **Number** | **Disease** | **Number** | **Disease** | **Number** |
| 1 | Pneumonia | 15884 | Diarrhoea | 23578 | Viral Fever | 55477 |
| 2 | Diarrhoea | 15246 | Tuberculosis | 8312 | Cataract | 21524 |
| 3 | High Fever | 16277 | Malaria | 3475 | Respiratory tract infection | 169293 |
| 4 | Malnourishment | 26602 | Hypertension | 22332 | Others | 536906 |
| | Others | 94588 | Kala Azar | | | |
| E | **Lab Test** | | | | | |
| | **Lab Test** | **Total Number** | | **Lab Test** | **Total Number** | |
| | Haemoglobin | 19631 | | Blood smear for Malaria | 2964 | |
| | Sputum Smear for AFB | 10506 | | Urine Albumin | 9393 | |
| | Pregnancy test | 15553 | | | | |
| 1 | Has the meeting with VHSC conducted (1 For Yes and 0 For No) | | | | | 2959 |
| 2 | Has school children rally held day before the health camp (1 For Yes and 0 For No) | | | | | 2051 |
| 3 | No. of health personnel attended the health camp | | | | | |
| | MO | ASHA | AWW | LT | | |
| | 10798 | 21586 | 18767 | 4167 | | |
| 4 | Did any monitor visit the camp ? (1 For Yes and 0 For No) | | | | | 2158 |